Reg. No. : ....

Name : ....

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, JUNE 2022

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

ME 605

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । (6×1=6)

1. 'दुख' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, निबंध, नाटक)

2. बूढ़ा आदमी क्या बो रहा था ?

   (नारियल, आम की गुठलियाँ, अनार)

3. 'असलम' किस कहानी का पात्र है ?

   (दुख, अपराध, अनुताप)

Score

4. 'रोता हुआ बच्चा' कैसे चुप हो रहा है ?

(मिठाई खाते, दूध पीते, बिस्कुट कुतरते)

5. 'मधुऋतु' किसकी रचना है ?

(रामधारी सिंह दिनकर, जयशंकर प्रसाद, पवन करण)

6. बड़े भाई के प्रति प्रतिकार भावना किस पाठ का विषय है ?

(अपराध, मधुऋतु, जुलूस)

सूचना : 7 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । **(2×2=4)**

7. संभ्रांत महिला फूल और फल के बीज क्यों बाहर फेंक रही है ?

8. असलम की मृत्यु कैसे हुई ?

9. पत्थर की बेंच पर कौन-कौन बैठे हैं ? -4

10. 'मुझे अभी भूख नहीं, तू खा' - 'दुख' कहानी की माँ ऐसा क्यों कह रही है ? -1

Score

सूचना : 11 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×4=12)

11. 'आज भी वह रकम अमेरिका में ज़रूरतमंदों के हाथों में घूम रही है' । - इसका तात्पर्य क्या है ?

12. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।

लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि ।
चींटी ले राक्कर चली, हाथी के सिर धूरि ।।

13. जीवनवृत्त पढ़ें और सुकेश साहनी के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

जीवन–वृत्त		
नाम	:	सुकेश साहनी
जन्म	:	5 सितंबर 1956
जन्म स्थान	:	लखनऊ, उत्तरप्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	डरे हुए लोग, ठंडी रजाई, खलील जिब्रान की लघुकथाएँ
पुरस्कार	:	डा. परमेश्वर गोयल लघुकथा सम्मान
विशेषता	:	निम्न मध्यवर्ग की पीड़ा और निराशा ।

14. कवितांश पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ
नई व्यथा साथिन को ।

15. ये कथन पढ़ें और 'इब्राहिम अली' के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- वापस तो हम न जाएँगे ! आपको या किसी को हमें रोकने का कोई हक नहीं ।
- हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है ।

16. सही मिलान करें : **(8×1=8)**

1) Cancel	–	सार्वजनिक
2) Format	–	साझा करें
3) Public	–	प्रारूप
4) Save	–	रद्द करें
5) Share	–	कूड़ेदान
6) Trash	–	सहेजें
7) File	–	बहिर्पात
8) Output	–	संचिका

Score

सूचना : कवितांश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है !
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता,
और फिर बेचैन हो जगता न सोता है ।
जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते-मरते ?
और लाखों बार तुझ-से पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते ।

17. 'आकाश' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?
[गगन, आदमी, स्वप्न] (1)

18. यहाँ कवि किससे बातें करता है ? (1)

19. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : गद्यांश पढ़ें, प्रश्न 20 और 21 के उत्तर लिखें ।

मैंने भाई का चेहरा देखा । वे मेरी ओर देख रहे थे । उनकी आँखें लाल थी और उनमें करुणा और कातरता थी, जैसे वे मुझसे याचना कर रहे हों कि मैं सच बोल दूँ । लेकिन तब तक देर हो चुकी थी । उन्हें सज़ा मिल चुकी थी । फिर इतनी जल्द बात को बिलकुल बदलना मुझे संभव भी नहीं लग रहा था । क्या पता, पिताजी फिर मुझे ही मारने लगते ! मैं डर रहा था ।

20. 'छोटा भाई' क्यों डर रहा था ? (2)

21. खंड का संक्षेपण करें । (6)

Score

सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । **(3×6=18)**

22. 'अनुताप' लघुकथा के यात्री का मन संघर्ष से भरा था । वह अपना संघर्ष डायरी में लिख रहा हैं । वह डायरी लिखें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- पश्चाताप से उत्पन्न अनुताप

23. 'मिट्टी के तेल की ढिबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उनकी आँखों के सामने से न हटता था ।' 'दुख' कहानी की इस घटना के बारे में बताते हुए दिलीप अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- लड़के के घर की हालत
- गरीबी की तीव्रता
- दुख की पहचान

24. बूढ़ा आदमी आम की गुठलियाँ बो रहा था । यह देखने वाला एक नौजवान उससे बातें करता है । वह बातचीत तैयार करें ।

- आम की गुठलियाँ बोना
- नौजवान की जिज्ञासा
- पूर्वजों की मनोवृत्ति

25. अक्तूबर 2 को गाँधी जयंती है । मान लें, इस अवसर पर आपके स्कूल में 'स्वच्छता दिवस' का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

Score

26. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Arun : May I come in, Teacher ?

Teacher : Yes, why didn't you come yesterday ?

Arun : Sorry Teacher, my mother was ill.

Teacher : Oh ! how is she now ?

Arun : Now she is all right.

Teacher : Okay, go to your seat.

[ill – बीमार]

सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । **(2×8=16)**

27. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की ओर से की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए किशोर कुमार, 'वसंत' कोल्लम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, सड़क परिवहन विभाग, केरल सरकार के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

28. किसी एक मन पसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- फिल्म का कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, पात्रों का अभिनय
- अपना दृष्टिकोण